Government of **Western Australia**
Department of **Water and Environmental Regulation**

National**Retail** ASSOCIATION

बैरियर बैग (अवरोधक थैलियों) के लिए नई आवश्यकताएँ

WA में प्लास्टिक बैरियर बैग को प्रतिबंधित किया जा रहा है, जिन्हें पैक न किए गए फलों, सब्जियों, नट्स, कंफेक्शनरी, मीट, सीफूड और डेयरी उत्पादों के लिए उपयोग किया जाता है। कम्पोस्टेबल (कम्पोस्ट किए जाने योग्य) प्लास्टिक विकल्पों को भी नए डिजाइन मानकों का अनुपालन करने की आवश्यकता है। इस परिवर्तन का उद्देश्य प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करना और साथ ही प्रसंस्करण प्रणालियों के अनुसार बैगों की अनुरुपता में सुधार लाना है।

प्रतिबंधित

1 सितम्बर 2024 से प्रतिबंधित

खुले ताजे फलों या सब्जियों के लिए उपयोग किए जाने वाले गैर-कम्पोस्टेबल प्लास्टिक से बने हुए बैग।

1 अक्तूबर 2025 से प्रतिबंधित

खुले फलों, सब्जियों, नट्स या कंफेक्शनरी के लिए उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक बैग जो डिजाइन मानकों का अनुपालन नहीं करते हैं।

नट्स और कंफेक्शनरी वस्तुओं में कच्चे, भुने हुए या फ्लेवर्ड नट्स, मिठाइयाँ, लॉलीज, ग्रेनोला क्लस्टर, चॉकलेट कवर्ड फूड, ट्रेल मिक्स, ड्राइड फ्रूट योगर्ट बाइट्स और नूगा शामिल हो सकते हैं।

1 अक्तूबर 2026 से प्रतिबंधित

पैक न किए गए मीट, सीफ़ूड या डेयरी उत्पादों के लिए उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक बैग जो डिजाइन मानकों का अनुपालन नहीं करते हैं।

महत्वपूर्ण: व्यापारिक सामान ले जाने के लिए उपयोग किए जाने वाले हैंडल वाले प्लास्टिक शॉपिंग बैग को WA में 1 जुलाई 2022 को प्रतिबंधित कर दिया गया था।

यह प्रतिबंध निम्नलिखित पर लागू **नहीं** होता है:

- पुन: प्रयोग किए जाने वाले कपड़े के बैग
- प्लास्टिक ब्रेड बैग या पेस्ट्री या कुकीज़ जैसे बेक किए गए खुले सामान के लिए उपयोग किए जाने वाले बैग
- गैर-फ़ूड प्रोडक्ट्स (जैसे क्राफ्ट प्रोडक्ट्स) के लिए उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक बैग या पाउच
- ऐसे सामान के लिए उपयोग किए जाने वाले बैग जिन्हें बिक्री के लिए रखे जाने से *पहलेही* पैक किया जाता है (जैसे पहले से पैक किए गए बैग या वैक्यूम-सीलबंद पाउच)
- शेल्फ पर बेचे जाने वाले बैग (जैसे फ्रीजर बैग)
- ज़िप-लॉक या पुनः सील करने योग्य प्लास्टिक बैग
- डिज़ाइन मानकों का अनुपालन करने वाले प्रमाणित कम्पोस्टेबल प्लास्टिक बैरियर बैग

वैकल्पिक

खुले फलों, सब्जियों, नट्स या कंफेक्शनरी के लिए:

- ग्राहकों को अपने स्वयं के पुन: प्रयोग में आने वाले बैग का उपयोग करने या छोटी खरीदारी के लिए बैग का उपयोग न करने के लिए प्रोत्साहित करें।
- ग्राहकों को सामान खरीदने के लिए कैडी या टोकरी प्रदान करें जिन्हें वे चेकआउट के समय वापस छोड़ सकते हैं।
- यदि आपको डिस्पोजेबल विकल्पों की आवश्यकता है, तो पेपर बैग या बक्से जैसे प्लास्टिक-मुक्त विकल्पों के बारे में सोचें।
- डिज़ाइन मानक आवश्यकताओं का अनुपालन करने वाले प्रमाणित कंपोस्टेबल प्लास्टिक उत्पाद बैग का भी उपयोग किया जा सकता है।

पैक न किए गए मीट, सीफ़ूड या डेयरी उत्पादों के लिए:

- यदि सुरक्षित और उचित हो तो ग्राहकों को अपने स्वयं के स्वच्छ, पुन: प्रयोग किए जाने वाले कंटेनर लाने के लिए प्रोत्साहित करें।
- वस्तुओं को कागज में लपेटने या फाइबर-आधारित कंटेनरों में पैक करने जैसे प्लास्टिक-मुक्त विकल्पों के बारे में सोचें।
- डिज़ाइन मानक आवश्यकताओं का अनुपालन करने वाले प्रमाणित कंपोस्टेबल प्लास्टिक बैरियर बैग का भी उपयोग किया जा सकता है।

कम्पोस्टेबल प्लास्टिक बैग की आवश्यकताओं के बारे में अगले पृष्ठ से जानकारी प्राप्त करें

Government of **Western Australia**
Department of **Water and Environmental Regulation**

National**Retail** ASSOCIATION

कम्पोस्टेबल प्लास्टिक बैरियर बैग

यदि आप 'कम्पोस्टेबल' या 'बायोडिग्रेडेबल' प्लास्टिक बैरियर बैग प्रदान करना चाहते हैं, तो यह आवश्यक है कि वे डिज़ाइन मानकों के तहत निम्नलिखित **अनिवार्य आवश्यकताओं** का अनुपालन करते हों:

1. निम्नलिखित ऑस्ट्रेलियाई मानकों के अनुसार प्रमाणित कम्पोस्टबल हों:
   - *AS 4736-2006 कमर्शियल (व्यावसायिक) कम्पोस्टिंग*, और/या
   - *AS 5810-2010 होम (घरेलू) कम्पोस्टिंग।*.

   पूरा प्रिन्टड बैग प्रमाणित किया जाना आवश्यक है। प्रमाणीकरण में स्याही का प्रकार और स्याही लगाने की दर शामिल किए जाने की आवश्यकता है।

2. बैग पर संबंधित ऑस्ट्रेलेसियन बायोप्लास्टिक्स एसोसिएशन (Australasian Bioplastics Association) (ABA) प्रमाणीकरण लोगो और विशिष्ट ABA प्रमाणीकरण नंबर होना चाहिए।

   सुझाव: प्रमाणीकरण चिन्ह और पहचान नंबर स्पष्ट रूप से उच्च कंट्रास्ट वाले रंग में दिखाई देना चाहिए।



3. पारदर्शी या अर्ध-पारदर्शी (अपारदर्शी नहीं) हों। बिना रंग वाले या हरे रंग के बैग स्वीकार्य हैं।

   सुझाव: बैग पारदर्शी या अर्द्धपारदर्शी होने चाहिए ताकि बैग के अंदर रखी हुई चीज़ों का आकार और रंग स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

4. हैंडल का न होना।

   याद रखें: व्यापारिक सामान ले जाने के लिए उपयोग किए जाने वाले हैंडल वाले प्लास्टिक शॉपिंग बैग को WA में 1 जुलाई 2022 को प्रतिबंधित कर दिया गया था।

5. खुले ताजे फलों और सब्जियों के लिए उपयोग किए जाने वाले बैगों की परिधि कम से कम 74 सेंटीमीटर होना आवश्यक है।

   सुझाव: निर्माता की प्रोडक्ट सूची में (विनिर्माण टालरन्स को छोड़कर) परिधि को दर्शाया जाता है।

बैरियर बैगों के सुरक्षित उपयोग, पुन: उपयोग और/या कम्पोस्टिंग में और अधिक सहायता प्रदान करने वाली अतिरिक्त अनुशंसित विशिष्टताओं के बारे में सोचें। उदाहरण के लिए:

- रसोई के कैडी बिन के लिए 8 लीटर की मात्रा के अधिक अनुकूल होने की सलाह प्रदान की जाती है।
- कम्पोस्टर्स द्वारा बैग को आसानी से पहचानने में मदद के लिए बैग को हरे रंग या बैग पर मोटी हरी पट्टी लगाने की भी सलाह प्रदान की जाती है।
- बैग पर उसके सुरक्षित उपयोग के ढ़ंग या निपटान सहित अन्य लेबलिंग या जानकारी प्रदान करने के बारे में सोचें।

ये अतिरिक्त विशिष्टताएँ अनिवार्य आवश्यकताएँ नहीं हैं, इन्हें वैकल्पिक सलाह के रूप में प्रदान किया गया है।

अनुपालन के लिए सुझाव

सबसे पहले, प्लास्टिक-मुक्त विकल्पों के बारे में सोचें या यह जाँचें कि क्या वास्तव में आपको बैरियर बैग प्रदान करने की आवश्यकता है।

यदि आप कम्पोस्टेबल प्लास्टिक बैरियर बैग प्रदान करना चाहते हैं, तो अपने सप्लायर से अपने प्रोडक्ट्स के लिए बैगों के **अनुरूप**, **सुरक्षित** और **कार्यात्मक** होने के बारे में जाँचें।

कम्पोस्टेबल प्रमाणीकरण

क्या आपके 'कम्पोस्टेबल' प्लास्टिक बैग ऑस्ट्रेलियाई मानकों (AS 4736-2006 और/या AS 5810-2010) में से किसी एक के लिए वर्तमान, वैध प्रमाणीकरण रखते हैं?

- उपरोक्त दोनों में से कोई भी एक ऑस्ट्रेलियाई मानक स्वीकार्य है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मानकों को मान्यता नहीं दी जाती है।
- आधिकारिक **ऑस्ट्रेलेसियन बायोप्लास्टिक्स एसोसिएशन (Australasian Bioplastics Association) (ABA)** प्रमाणीकरण देखना सुनिश्चित करें। यह जाँचें कि:
  - ✓ विवरण प्रिन्टड प्रोडक्ट (न कि केवल अनिर्मित अनप्रिन्टड प्रोडक्ट) से मेल खाता हो
  - ✓ प्रोडक्ट पर विशिष्ट प्रमाणीकरण नंबर अंकित हो, और
  - ✓ प्रमाणीकरण वर्तमान हो।

- सरकार द्वारा अनुरोध किये जाने पर प्रमाणित निर्माता को प्रयुक्त स्याही के प्रकार और स्याही के प्रयोग की दर के बारे में जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता है।
- ABA वेबसाइट से यह जाँचें कि यदि प्रमाण पत्र संख्या वैध और वर्तमान है या नहीं (प्रमाण पत्र का वार्षिक नवीनीकरण किए जाने की आवश्यकता है)।
- यदि आप प्रमाणीकरण के बारे में अनिश्चित हैं, तो ABA से bioplastics.org.au के माध्यम से संपर्क करें।

सुरक्षा और उपयुक्तता

क्या आपके बैग आपके प्रोडक्ट्स (उत्पादों) के लिए सुरक्षित और उपयोगी हैं?

- यह जाँचें कि यदि बैग को विशेष रूप से आपके प्रोडक्ट्स के प्रकार के लिए टेस्ट किया गया है या नहीं। उदाहरण के तौर पर इन टेस्टों में केमिकल माइग्रेशन, बैक्टीरियल टेस्टिंग, फ्रीजिंग, डिफ्रॉस्टिंग और स्थिरता टेस्ट शामिल हैं।
- गीले कच्चे मीट, सीफ़ूड और डेयरी फ़ूड के लिए ध्यान देना जरूरी है क्योंकि यदि इन्हें अनुचित तरीके से पैक किया गया है या ग्राहक इनसे अपरिचित हैं, तो ये नुकसानदेह साबित हो सकते हैं।
- यह समझने की गलती **न** करें कि सब्जियों के लिए बनाए गए कम्पोस्टेबल प्लास्टिक बैग अन्य फ़ूड प्रोडक्ट्स के लिए भी उपयुक्त हैं। अपने सप्लायर के साथ अपने प्रोडक्ट की आवश्यकताओं के बारे में बात करना सुनिश्चित करें।

और अधिक सुझावों के बारे में जानने के लिए नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करें।

WA PLASTICS BAN
व्यापारिक सहभागिता कार्यक्रम

सुझाव और सलाह प्राप्ति के लिए नेशनल रिटेल एसोसिएशन (National Retail Association) से संपर्क करें।

और अधिक जानकारी के लिए यह वेबसाइट देखें
plasticsbanwa.com.au